बी.पी.एस.सी.
64वीं मुख्य परीक्षा
(सामान्य अध्ययन-I)
B.P.S.C 64th Mains Exam
(General Studies-I)

2019

(General Studies/सामान्य अध्ययन)

(Paper-I/पत्र-I)

(अधिकतम अंक-300)

Instructions :

- *The figures in the margin indicate full marks.*
- *Answer eight question, selecting three each from Section-I and Section-II and two from Section-III.*
- *Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*
- *All questions have been printed both in Hindi and English. In case of any ambiguity in Hindi version, the English version shall be considered authentic.*
- *Parts of the same question must be answered together and must not be interposed between answers to other questions.*

निर्देश :

- *उपान्त के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं।*
- *खंड-I एवं खंड-II प्रत्येक में से तीन-तीन प्रश्न तथा खंड-II से दो प्रश्नों का चयन करते हुए कुल आठ प्रश्नों के उत्तर दें।*
- *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
- *सभी प्रश्न हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषा में छपे हैं। यदि हिंदी भाषा में कोई संदेह है, तो अंग्रेजी भाषा को ही प्रामाणिक माना जाएगा।*
- *एक ही प्रश्न के विभिन्न खंडों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जाएँ तथा उनके बीच में अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखें।*

खंड-1/Section-I

1. Critically examine the evoluation of Indian nationalism since the late 19th century. 38
   19वीं सदी के उत्तरार्द्ध से भारतीय राष्ट्रवाद के विकास की आलोचनात्मक समीक्षा कीजिये।
2. "Champaran Satyagraha is a watershed in the freedom struggle." Elucidate. 38
   "चंपारण सत्याग्रह स्वाधीनता संघर्ष का एक निर्णायक मोड़ था।"
3. What were the reasons behind overseas immigrationin the 19th century British India? Discuss in the light of the indenture system wiwth special reference to Bihar. 38
   19वीं सदी के ब्रिटिशकालीन भारत में समुद्र पारयिता पारंगत के क्या कारण थे? बिहार के विशेष संदर्भ में इंडेंचर पद्धति के आलोक में विवेचना कीजिये।
4. Examine the characteristics of tribal protest in the 19th century with suitable examples. Give reasons for their failure. 38
   उपयुक्त उदाहरण सहित 19वीं सदी में जनजातीय प्रतिरोध की विशेषताओं की समीक्षा कीजिये। उनकी असफलता के कारण बताइए।
5. Discuss the features of Mauryan art and architecture and its relationship with Buddhism. 38
   मौर्य कला तथा भवन-निर्माण कला की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिये तथा बौद्ध धर्म के साथ उनके संबंध पर भी प्रकाश डालिये।
6. Write short notes on any two of the following: 19×2=38
   (a) Working Class and National Movement
   (b) Impact of census of 1881 on caste and religious identities
   (c) Nehru and secularism

   निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिये:
   (क) मजदूर वर्ग और राष्ट्रीय आंदोलन
   (ख) जाति और धर्म से जुड़ी पहचान पर 1881 की जनगणना का प्रभाव
   (ग) नेहरू और धर्म-निरपेक्षता

खंड–II/Section-II

7. What is the major focus of UNDP Human Development Report, 2019? In what way does the analysis go beyong income, average and present condition? Critically examine. 38

   यूएनडीपी ह्यूमन डेवलपमेंट रिपोर्ट, 2019 का प्रमुख विषय क्या है? विश्लेषण किस प्रकार आय, औसत और वर्तमान स्थिति के आगे चला जाता है? आलोचनात्मक समीक्षा कीजिये।

8. Discuss the prospects of trade promotion between Afghanistan and India with the launching of New Export Route to and from India through Chabahar Port. 38

   चाबहार बंदरगाह से होने वाले भारत के नये आयात–निर्यात मार्ग के प्रमोचन से अफगानिस्तान और भारत के बीच व्यापार प्रोत्साहन की संभावनाओं की विवेचना कीजिये।

9. Critically examine the key variables that support well-being as per the United Nationsl Sustainable Development Solutions Network. 38

   संयुक्त राष्ट्र टिकाऊ विकास समाधान नेटवर्क के अनुसार सुखदायिता के समर्थक प्रमुख सूचकों की समीक्षात्मक आलोचना कीजिये।

10. Why does India has an open-door policy with Nepal and Bhutan as regards free movement of people between the two nations? Explain. 38


    दो राष्ट्रों के बीच लोगों के मुक्त आवागमन का जहाँ तक सवाल है, भारत ने नेपाल और भूटान के साथ मुक्त द्वार नीति क्यों अपनाया है? समझाइए।

11. Discuss the UAE's invitation for India as a Guest of Honour to attend the OIC Foreign Ministers Meet as a signal change in geopolitical dynamics. 38

    भूराजकीय गतिशीलता में सांकेतिक परिवर्तन के रूप में ओआईसी के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन में भाग लेने के लिये भारत को अतिथि–विशेष के रूप में यूएई के निमंत्रण का विवेचन कीजिये।

खंड–III/Section-III

12. The following charts depict the distribution of overseas tourists from India to various countries and also the age distribution of trourists from India during the year 2017: 38



   (a) If amogest the European Union, Switzerland accounts for 25% of trourists traffic and it is known from official Swiss records that a total of 4 lakh Indian trourists visited Switzerland during the year 2017, then how many total number of Indian trourists in the age group of 40-49 years went abrorad from India during the year 2017?


   (b) If the total number of trourists of age group 30-49 is 2400000, what is the number of tourists who are more than 60 years of age?

   (c) If total number of Indian trourists who went to China more than 40 years of age, was 360000 constituted 30% of total tourists to China, then how many tourists of other age groups went to China?

(d) Assuming that the total number of tourists from India going abroad increased by 20% in the year 2018, what will be the total number of tourists in age group less than 30 in the year 2018?

(e) If per capita spending per day of tourists in UK is ₹ 6,000 and that in USA is ₹ 5,000 and it is known that 32000000 tourists visited these two countries, what was the total spending of the tourists in these countreis?

निम्न आलेख वर्ष 2017 में विभिन्न देशों में भारतीय पर्यटकों के वितरण और उनके आयु वितरण को प्रदर्शित करते हैं:



(क) यदि यूरोपीय संघ के अंतर्गत, स्विट्जरलैंड में 25% पर्यटक आते हैं और आधिकारिक स्विस रिकॉर्ड से ज्ञात है कि वर्ष 2017 में कुल 4 लाख भारतीय पर्यटक स्विट्जरलैंड गये थे, तो वर्ष 2017 में भारत से 40–49 आयुवर्ग के पर्यटकों की संख्या कितनी थी?


(ख) यदि 30-49 आयुवर्ग के पर्यटकों की कुल संख्या 2400000 है, तो 60 वर्ष से अधिक आयु के पर्यटकों की संख्या कितीन है?


(ग) यदि 3600000 भारतीय पर्यटक, जिनकी आयु 40 वर्ष से अधिक थी, चीन के कुल पर्यटकों का 30% थे, तो अन्य आयुवर्ग के कितने पर्यटक चीन गये थे?

(घ) मान लीजिये कि भारत से विदेश जाने वाले पर्यटकों की संख्या वर्ष 2018 में 20% बढ़ जाती है, तो 30 वर्ष से कम आयु के पर्यटकों की संख्या 2018 में क्या होगी?

(ङ) यदि यू.के. में पर्यटकों का प्रतिदिन प्रति व्यक्ति व्यय ₹ 6,000 है और संयुक्त राज्य अमेरिका में ₹ 5,000 है और ज्ञात है कि कुल 3200000 पर्यटक इन देशों में पर्यटन के लिये गये थे, तो इन देशों में पर्यटकों का कुल कितना खर्च आया?

13. The following multiple bar chart shows production of same type of vehicle (in thousands) for a period of three years by selected manufacturers and the line chart shows prices of vehicles in the year 2017:





(a) What is the percent increase in the production of vehicles in 2017 from 2015? 6


(b) Which manufacturers have produced the same number of vehicles during the period under consideration? 6


(c) What percent of the total production of vehicles is produced by manufacturers A and D? 6

(d) For which manufacturer, the profit percent is maximum in the year 2017? 6

(e) If the manufacturer D had to call back 4000 of its vehicles due to some defects, what is percent profit/loss of the company? 6

निम्न बहु-शलाका लेखाचित्र चयनित निर्माताओं द्वारा किसी एक प्रकार के वाहन (हजार में) का उत्पादन तीन वर्ष की अवधि के लिये दर्शाता है और लेखाचित्र वाहनों के मूल्यों को वर्ष 2017 के लिये दर्शाता है:





(क) वर्ष 2015 से वर्ष 2017 में वाहनों के उत्पादन में कुल कितने प्रतिशत वृद्धि हुई है?


(ख) किन उत्पादकों ने, विचाराधीन अवधि में वाहनों की बराबर संख्या उत्पादित की है?

(ग) कुल उत्पादन का कितना प्रतिशत उत्पादक A और D के द्वारा उत्पादन किया जाता है?

(घ) वर्ष 2017 में किस उत्पादक का लाभ प्रतिशत अधिकतम है?

(ङ) यदि उत्पादक D को कुछ दोषों के कारण 4000 वाहनों को वापस बुलाना पड़ा हो, तो कंपनी का लाभ/हानि प्रतिशत कितना है?

14. The following graph shows the populations of three countreis during the years 2012-17: 38



(a) What percent of total population is accounted by the country A in the year 2017?


(b) If the sex ratios of countries B and C in the year 2016 were 106.5 and 105.2, what is the number of females in these countries?

(c) If the number of females in the country A in the year 2014 is 21.25 crores, what is the sex ratio of country A in the year 2017?

(d) Which year recorded the maximum growth of population in three countries?

(e) Which year recorded the minimum growth of the population?

निम्न रेखाचित्र वर्ष 2012-17 के दौरान तीन देशों की जनसंख्या को दर्शाता है:



(क) वर्ष 2017 में देश A की जनसंख्या, कुल जनसंख्या का कितना प्रतिशत है?


(ख) यदि देशों B और C में वर्ष 2016 में लिंग अनुपात 106.5 और 105.2 थे, तो इन देशों में स्त्रियों की संख्या कितनी है?

(ग) यदि देश A में स्त्रियों की संख्या वर्ष 2014 में 21.25 करोड़ थी, तो वर्ष 2017 में देश A में लिंगानुपात कितना था?

(घ) किस वर्ष में तीनों देशों में जनसंख्या की अधिकतम वृद्धि दर्ज की गई?

(ङ) किस वर्ष में जनसंख्या में न्यूनतम वृद्धि दर्ज की गई?

15. The graph below gives exports (₹ in thousand crore) from three companies X, Y and Z over three years. Study the line graph and answer the questions given below: 36



(a) Average annual exports for companies X and Y, respectively are approximately what percent of the average annual exports of company Z during the given period?


(b) What is the difference between the maximum and the minimum average annual export over the years?

(c) In which years, the average annual exports of the companies were same?

(d) In which years, the exports from company Z were more than the average annual exports of all the companies?

(e) What is the percent increase in the total export of all the companies during the years 2015-2017 in companies to the years 2011-2014?

नीचे दिए हुए रेखाचित्र तीन कंपनियों X, Y और Z से तीन वर्षों के निर्यात आँकड़े (₹ हजार करोड़ में) दर्शाता है। रेखाचित्र का अध्ययन कीजिये और नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये:



(क) दी गई अवधि में कंपनी X और कंपनी Y का औसत वार्षिक निर्यात, कंपनी Z के औसत वार्षिक निर्यात का कितना प्रतिशत है?

(ख) दिये गए वर्षों में अधिकतम और न्यूनतम औसत वार्षिक निर्यात के बीच क्या अंतर है?

(ग) किन वर्षों में कंपनियों के औसत वार्षिक निर्यात एकसमान थे?

(घ) किन वर्षों में कपनी Z का निर्यात, सभी कंपनियों के संयुक्त औसत वार्षिक निर्यात से अधिक था?

(ङ) वर्ष 2015–2017 के दौरान सभी कंपनियों के कुल निर्यात में, वर्ष 2011-14 की तुलना में कितने प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई?